## सहायता राशि का चैक सौंपा

**छबड़ा** (निसं)। भारतीय स्टेट बैंक ने पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक के परिजनों को दो लाख का चैक सौंपा।


### खोया पाया

रवि शंकर मुरारिया पुत्र बिशनलाल 1-E-22 सुनेल झालावाड़ का आवंटन पत्र अदेय प्रमाण पत्र एनडीसी भौतिक कब्जा पत्र कहीं गुम हो गए हैं किसी को मिलने पर सूचित करें

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री देवेन्द्र सिंह हाड़ा पुत्र श्री विक्रम सिंह जी नि. गोपाल विहार, कोटा (राज.) द्वारा ग्राम बोरखण्डी तह. लाड़पुरा जिला कोटा के ख.नं. 106 लगायत 115 व ख.नं. 118 लगायत 121 कुल 14 किता की 1.51 है. पर विकसित ज्ञान विहार आवासीय कॉलोनी बारां रोड़, कोटा के विभिन्न भूखण्डों की बैचान की बुकिंग की गई थी। अतः जिन जिन व्यक्तियों द्वारा मेरे पक्षकार से उक्त आवासीय कॉलोनी के भूखण्डों की बुकिंग कर रसीद प्राप्त की गई है वे सभी क्रेतागण अपने अपने भूखण्डों की शेष रकम अन्दर 10 योम मेरे पक्षकार को अदा कर अपने अपने भूखण्डों की पत्रावलीयां प्राप्त कर लें। अन्यथा होने वाले परिणामों की जिम्मेदारी स्वयं की होगी। **भवदीयः रविन्द्र खण्डेलवाल एडवोकेट मो. 9462490910**


# उच्च तकनीकी और पारंपरिक विषयों के समन्वय से जैविक खेती के क्षेत्र में तीव्र विकास संभव : डॉ. जाट

■ जैविक कृषि अनुसंधान केंद्र का अवलोकन किया

**कोटा,** (निसं)। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ.एमएल जाट ने शुक्रवार को कोटा जिले के जाखोड़ा स्थित गोयल ग्रामीण विकास संस्थान के श्रीरामशांताय जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने गौ-आधारित जैविक खेती से जुड़े विभिन्न अनुसंधान एवं विकास हेतु संचालित प्रयासों का अवलोकन किया। केन्द्र पहुंचने पर किसानों द्वारा माल्यार्पण व दुपट्टा पहनाकर पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया गया।

इस दौरान उनके साथ डॉ.एकेजी नायक, उपमहानिदेशक (एनआरएम), डॉ.सुनील कुमार शर्मा, एडीजी (मानव संसाधन प्रबंधन), आईसीएआर डॉ.अभय व्यास, कुलपति, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा (राजस्थान) एवं संस्थान के अध्यक्ष ताराचंद गोयल भी उपस्थित रहे। संस्थान के मुख्य प्रबंधक पवन टाक ने बताया कि आईसीएआर महानिदेशक डॉ.जाट को पूरे परिसर का भ्रमण करवाया गया। जिसमें यहां संचालित प्रमुख अनुसंधान कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। जैसे भूमि में लाभकारी जीवाणुओं के संवर्धन हेतु देशी गाय का ताजा गोबर 'संजीवनी' के रूप में कारगर सिद्ध हुआ है। 75 किलोग्राम ताजा गोबर प्रति एकड़ सिंचाई के साथ उपयोग करने से जिन फसलों पर प्रयोग किया गया। उसका प्रत्यक्ष निरीक्षण एवं चर्चा की गई। इसी प्रकार, खड़ी फसल की बढ़वार हेतु देसी गाय के गोमूत्र (1.5 लीटर), चूना (जर्दा में प्रयुक्त दो ट्यूब) और 13.5 लीटर पानी से तैयार घोल का छिड़काव कर प्राप्त लाभकारी परिणामों की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, परंपरागत रूप से संग्रहित 1 टन पशुजन्य एवं खेत-वनस्पति अपशिष्ट (जैसे-कचरा, भूसा, फल-सब्जी के छिलके आदि) को जैविक कंपोस्ट में बदलने हेतु 2 किलोग्राम गुड़, 30 किलोग्राम ताजा गोबर और 30 लीटर छाछ को 150 लीटर पानी में घोलकर उपयोग करने से 500 किलोग्राम सरल कंपोस्ट तैयार करने की विधि का डेमो भी दिया गया।

अवलोकन के दौरान तीनों प्रयोगों को एक साथ जोड़कर एक बीघा (1620 वर्ग मीटर) भूमि में पांच सदस्यीय परिवार के लिए तैयार 'पोषण वाटिका' मॉडल की जानकारी दी गई, जिसमें अनाज, तिलहन, दलहन, फल, सब्जियां, औषधीय पौधे एवं चारे का उत्पादन एक ही स्थान पर किया जा रहा है, साथ ही एक गाय के पालन से यह मॉडल आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर है। अनुसंधान एवं आधारभूत व्यवस्थाओं के निरीक्षण के उपरांत डॉ.जाट कृषक संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में उन्होंने संस्थान द्वारा विकसित गो-आधारित कृषि पद्धति को अपनाकर सफल हुए किसानों से संवाद किया। डॉ.जाट ने इस पद्धति को अपनाने वाले किसानों के अनुभव सुनकर प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि, "ये देश की सबसे सरल एवं प्रभावी विधियां हैं, जो वैज्ञानिक, पोषक तत्वों एवं सूक्ष्म जीवाणुओं की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी हैं।

अन्य विधियों की तुलना में यह तकनीक अधिक किफायती और अभिनव है। केंद्र के समग्र प्रयासों को देखकर आईसीएआर महानिदेशक डॉ.जाट ने कहा कि यहां पर प्राचीन गौ-आधारित जैविक खेती का नवीन तकनीकी समाधानों के साथ अद्भुत समन्वय देखा गया। यहां व्यवस्थित केफेटेरिया है। जहाँ कई प्रकार से डेमोस्ट्रेशन उपलब्ध है। किसान अपने हिसाब से उसका चयन कर सकता है। वैज्ञानिक व्यवस्था एवं खेती से बाजार तक की संपूर्ण योजना यहां क्रियान्वित है। यह केंद्र निश्चित ही देश में जैविक कृषि के लिए एक प्रेरणास्पद मॉडल है।

उन्होंने यह कहा कि यदि जैविक एवं प्राकृतिक खेती में इस केंद्र के प्रयासों के साथ उच्च तकनीकी का समायोजन तथा अन्य पारंपरिक विषयों को भी जोड़ा जाए, तो जैविक खेती के क्षेत्र में तीव्र गति से विकास संभव है और आधुनिक पीढ़ी भी इस दिशा में जुड़ सकेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ताराचंद गोयल, निदेशक-गोयल ग्रामीण विकास संस्थान, कोटा ने संस्थान की स्थापना, उद्देश्य एवं आगामी कार्ययोजनाओं से सभी को अवगत करवाया।

उन्होंने कहा कि यह प्रकल्प देशभर में गौ आधारित जैविक खेती के प्रसार हेतु प्रतिबद्ध है और इस दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के अंत में अंशुल गोयल, निदेशक- गोयल प्रोटीन्स लिमिटेड, कोटा ने सभी अतिथियों, विशेषज्ञों एवं किसानों का आभार व्यक्त किया।

## देशभर के विशिष्ट उत्पादों से सजेगा महिला सशक्तिकरण नक्षत्र एग्जीबिशन

**कोटा,** (निसं)। झालावाड़ मेन रोड स्थित माहेश्वरी भवन में नक्षत्र ग्रुप द्वारा आयोजित नक्षत्र एग्जीबिशन का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि राजेश बिड़ला ने रिबन काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। राकेश जैन ने अध्यक्षता की। आयोजन के पहले ही दिन एग्जीबिशन कोटावासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया, जहां सुबह से देर शाम तक हजारों परिवारों ने पहुंचकर खरीदारी का आनंद लिया।

नक्षत्र ग्रुप की सदस्य नीलम विजय ने बताया कि इस दो दिवसीय मेले का कोटा वासियों को पूरे वर्ष इंतजार रहता है। पहले ही दिन की जबरदस्त भीड़ ने महिला सशक्तिकरण, महिला उद्यमिता और समाज की एकजुटता को एक नया आयाम दिया। इस एक्जीबिशन में देशभर से आए महिला उद्यमियों के 141 स्टॉल्स लगाए गए हैं, जिनमें परिधान, ज्वैलरी, वेडिंग कलेक्शन, डेकोरेटिव आईटम्स, परफ्यूम, साबुन, हैंडमेड प्रोडक्ट्स, खाद्य पदार्थ, अचार-पापड़ आदि विशेष आकर्षण बने। आने वाले दीपावली और शादी सीजन को ध्यान में रखते हुए यहां का फैशन और वेडिंग कलेक्शन विशेष पसंद किया जा रहा है। गर्गी चौहान व ऋचा विजय ने बताया कि भारतीय महिलाएं घरों में खाली बैठने के बजाय अपनी रचनात्मकता को उत्पादों में बदलती हैं। नक्षत्र का उद्देश्य इन्हीं महिलाओं को मंच प्रदान करना और उनके सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण को आगे बढ़ाना है।

स्मिता पाटनी व शिप्रा मित्तल ने बताया कि आयोजन में हर आयु वर्ग के लिए शॉपिंग, स्वादिष्ट व्यंजनों से भरा फूड कॉर्ट, लकी ड्रॉ, फोटो सेशन, किट्टी व ग्रुप कॉन्टेस्ट जैसे मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। कीर्ति खंडेलवाल व प्रीति जैन ने बताया कि प्रदर्शनी के प्रचार-प्रसार के लिए मुम्बई कलाकारों ने सोशल मीडिया पर कैंपेन किया है। साथ ही सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भाविका प्रीत रामानी द्वारा लाखों परिवारों को डिजिटल माध्यम से इस आयोजन से जोड़ा गया। नक्षत्र ग्रुप की यह प्रदर्शनी पूरी तरह निशुल्क प्रवेश के साथ शहरवासियों को एक ही छत के नीचे खरीदारी, स्वाद और मनोरंजन का शानदार अनुभव दे रही हैं। इससे होने वाली आय से जरूरतमंदों की मदद व सामाजिक कार्य किए जाएंगे। जैसे गत वर्ष "सुकन्या समृद्धि योजना" के तहत गोद ली गई 31 कन्याओं के खाते में राशि जमा करवाई गई थी, उसी प्रकार इस बार भी सहयोग जारी रहेगा।

सहयोगी संस्थाएँ-मोयरा सरिया, कुंद-कुंद टाउनशिप, सिल्वर एंड साइन ज्वैलर्स, चौहान एलपीजी, रिफ्लेक्शन ब्यूटी पार्लर, नंदनी क्रिएशन। आज के सफल आयोजन और भारी भीड़ ने यह सिद्ध कर दिया कि नक्षत्र एग्जीबिशन हाड़ौती क्षेत्र में महिलाओं के सबसे बड़े और सबसे भरोसेमंद शॉपिंग कार्निवल के रूप में स्थापित हो चुका है।


### कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक : एफ-15/कृ.भू.रू./2025/1140 दिनांक : 25.09.2025

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि हनुमान मंदिर के सामने बड़गांव क्षेत्रफल 221.84 वर्गमीटर के नाम हस्तान्तरण हेतु श्री किशन गोपाल पुत्र स्व. श्री तुलसीराम निवासी हनुमान जी मंदिर के सामने बड़गांव कोटा राज. द्वारा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 332 दिनांक 27.09.2023 को श्री तुलसी राम पुत्र श्री केशरी लाल के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 04.07.2024 को चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान पत्नि सुमित्रा बाई, पुत्री मंजू देवी, सूरजकला, सीमा मालव, पुत्र किशन गोपाल है। वारिसान सुमित्रा बाई, मंजू देवी, सूरजकला, सीमा मालव द्वारा जर्ये रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 27.09.2024 आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अतः श्री किशन गोपाल पुत्र स्व. श्री तुलसीराम के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त
कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

### राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 1765 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 26.9.25

आवास संख्या 2-ख-24 विज्ञान नगर, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री श्रवण कुमार पुत्र श्री मोहन लाल को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री श्रवण कुमार पुत्र श्री मोहन लाल द्वारा दिनांक 26.12.1994 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरान्त् श्री श्रवण कुमार पुत्र श्री मोहन लाल द्वारा उक्त आवास से सम्बन्धित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 11.05.2002 को मुख्तारनामा आम आलेखित कर श्री तेजेन्द्र सिंह साहनी पुत्र स्व. श्री गुरुबख्श सिंह को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया गया। श्री तेजेन्द्र सिंह साहनी पुत्र स्व. श्री गुरुबख्श सिंह मुख्तार आम श्री श्रवण कुमार पुत्र श्री मोहन लाल द्वारा मुख्तार आम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 26.08.2002 को श्री ईश्वर गम्भीर पुत्र श्री जिवन्दा राम गम्भीर को किया गया। श्री ईश्वर गम्भीर पुत्र श्री जिवन्दा राम गम्भीर द्वारा इस कार्यालय मे प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-ख-24 विज्ञान नगर, कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री ईश्वर गम्भीर पुत्र श्री जिवन्दा राम गम्भीर का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री ईश्वर गम्भीर पुत्र श्री जिवन्दा राम गम्भीर का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री ईश्वर गम्भीर पुत्र श्री जिवन्दा राम गम्भीर के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

### राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 1753 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 25.9.25

आवास संख्या 4-झ-18 विज्ञान नगर, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री गोविन्द लाल अग्रवाल पुत्र श्री बी.एल. अग्रवाल को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री गोविन्द लाल अग्रवाल पुत्र श्री बी.एल. अग्रवाल के नाम दिनांक 27.09.1988 को किया गया। पंजीयन उपरांत श्री गोविन्द लाल अग्रवाल पुत्र श्री बंशी लाल अग्रवाल द्वारा पूर्व में इस आवास से सम्बन्धित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 26.09.1988 को मुख्तारनामा आम आलेखित कर श्री जगदीश कालियां पुत्र श्री केसर दास को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया गया। श्री जगदीश कालियां पुत्र श्री केसर दारा मुख्तार आम श्री गोविन्द लाल अग्रवाल पुत्र श्री बंशी लाल अग्रवाल द्वारा मुख्तारनामा आम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 07.10.1988 को श्रीमती चन्द्रकला पत्नी श्री रमेश पारीक को किया गया। श्रीमती चन्द्रकला पत्नी श्री रमेश पारीक द्वारा इस आवास से सम्बन्धित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 26.02.1989 को मुख्तारनामा आम आलेखित कर श्री तेजेन्द्र सिंह पुत्र श्री भगत सिंह चड्ढा को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया गया। श्री तेजेन्द्र सिंह पुत्र श्री भगत सिंह चड्ढा मुख्तार आम श्रीमती चन्द्रकला पत्नी श्री रमेश पारीक द्वारा मुख्तारनामा आम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलखित कर दिनांक 07.06.1995 को श्री भावनदास पुत्र श्री गोविन्द राम को किया गया। श्री भावनदास पुत्र श्री गोविन्द राम द्वारा इस कार्यालय मे प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 4-झ-18 विज्ञान नगर, कोटा का विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास को विक्रय पत्र के आधार पर श्री भावनदास पुत्र श्री गोविन्द राम मे दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री भावनदास पुत्र श्री गोविन्द राम का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री भावनदास पुत्र ओ गोविन्द राम के नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा


## कोटा की एग्रो बेस्ट कम्पनी लाई आईपीओ

**कोटा,** (निसं)। कोटा की अग्रणी एग्रो प्रोसेसिंग इंडस्ट्री रूकमणी देवी गर्ग एग्रो इंपैक्स लिमिटेड अपना एसएमई आईपीओ बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर लेकर आई है। खास बात यह है कि यह कोटा से पहला कृषि क्षेत्र का आईपीओ होगा, जो इस शहर की खाद्यान्न और कृषि व्यापार में ऐतिहासिक पहचान को नई उंचाईयां देगा।

कंपनी के चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर विशाल गर्ग एवं डायरेक्टर अंजू गर्ग ने पत्रकार वार्ता में बताया कि यह आईपीओ 26 सितम्बर को ओपन हो चुका है और 30 सितम्बर 2025 को बंद होगा। कोटा नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष अतिथि राजेश कृष्ण बिरला ने अपने संबोधन में कहा कि रूकमणी देवी गर्ग एग्रो इंपैक्स लिमिटेड का यह आईपीओ न सिर्फ कंपनी के लिए, बल्कि पूरे कोटा और हाड़ौती अंचल के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। यह कृषि क्षेत्र में कोटा की पहचान को और भी ऊँचाई देगा। यह आईपीओ किसानों, व्यापारियों, निवेशकों और आम नागरिकों सभी के लिए वरदान सिद्ध होगा। कंपनी की निरंतर प्रगति और पारदर्शिता पर आधारित कार्यशैली निश्चित ही देशभर में कोटा का नाम रोशन करेगी। कृषि क्षेत्र में ऐसा पहला आईपीओ कोटा से आना इस बात का प्रतीक है कि अब यहां के किसान और उद्योगपति भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराने जा रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि रुकमणी देवी गर्ग एग्रो इंपेक्स लिमिटेड के चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर विशाल गर्ग व डायरेक्टर अंजू गर्ग के नेतृत्व में यह कंपनी आने वाले समय में देश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी अमिट छाप छोड़ेगी। इस आईपीओ के माध्यम से जो पूंजी जुटेगी, वह किसानों के लिए नए अवसर, व्यापार जगत के लिए नई संभावनाएं और कोटा के लिए एक स्वर्णिम भविष्य लेकर आएगी। मैं रूकमणी देवी गर्ग एग्रो इंपैक्स लिमिटेड परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ और आशा करता हूँ कि यह कदम आने वाली पीढ़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। रुकमणी देवी गर्ग एग्रो इंपेक्स लिमिटेड के चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर विशाल गर्ग व डायरेक्टर अंजू गर्ग ने कंपनी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए पत्रकार वार्ता में बताया कि कंपनी 23.52 करोड़ का आईपीओ लेकर आई है, कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 327 करोड़ रूपये की रेवेन्यू दर्ज की थी। यह पूरा इश्यू फ्रेश इश्यू है। इसमें किसी भी प्रकार का ऑफर फोर सेल शामिल नहीं है। कंपनी ने आईपीओ का प्राईस बैंड 93 से 99 रुपए प्रति शेयर निर्धारित किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 245 करोड़ रुपए की रेवेन्यू पर 5.02 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट अर्जित किया था, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कंपनी ने 327 करोड़ रुपए की रेवेन्यू पर 7.57 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट दर्ज किया था। कंपनी का शेयर 6 अक्टूबर 2025 को बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होना संभावित है। जुटाई गई राशि मुख्यतः कार्यशील पूंजी और कॉर्पोरेट उद्देश्यों में प्रयुक्त होगी। रूक्मणी देवी गर्ग एग्रो इम्पेक्स लिमिटेड, आर.डी.जी. ग्रुप की एक कंपनी है। आर.डी.जी ग्रुप न केवल उपरोक्त क्षेत्रों में सक्रिय है, बल्कि इसकी समूह कंपनियों में आरडीजी सॉल्वेंट लिमिटेड (सरसों कच्ची घानी और सोयाबीन ऑयल एक्सट्रेक्शन प्लांट, रिफाइनरी) ताथेड़ में स्थित है, इंडियन वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड, (कृषि भंडारण वेयरहाउस कंपनी) और कोस्को हाइब्रिड एंड रिसर्च प्राईवेट लिमिटेड (बीज कंपनी) जैसी कृषि से संबंधित कंपनियां भी शामिल हैं।

## गरबा फेस्टिवल का आयोजन

**छबड़ा** (निसं)। वैनिक्स सैनफोर्ड वर्ल्ड स्कूल परिसर में वेनिस गरबा फेस्टिवल धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छीपाबडौद मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार भार्गव, जोगेंद्र मीणा (जलदाय विभाग) तथा कविता जैन रहे। गरबा फेस्टिवल में नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक गरबा नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया।


### OFFICE OF THE DEPUTY COLLECTOR AND COMPETENT AUTHORITY (NSEL)

3rd FLOOR, MPID BRANCH, Old Custom House, Mumbai 400 001

### NOTICE FOR ONLINE AUCTION

Pursuant to the attachment by the Government of Maharashtra under the Maharashtra Protection of Interest of Depositors (in Financial Establishment) Act, 1999 (MPID Act) and the directions of the Hon'ble MPID Court the **Competent Authority** (hereinafter referred to as "CA") has engaged **Quikr Realty Pvt Ltd** (hereinafter referred to as "the Agency") which has been appointed by Government of Maharashtra to assist in the sale of the properties attached and made absolute through e-auction on **"as is where is and whatever there is basis".**

"CA" hereby invites bids from the intending bidders along with a bid deposit as mentioned in the table below as Earnest Money for each of the properties to be paid through NEFT/RTGS for sale of properties:

**Short description of the property: Rajasthan**

| S. No. | Location | Address | Area | Reserve Price (in INR) | EMD Deposit (in INR) | Bid Increase Amount (In INR) | Last Date of submission of EMD | Date of Auction |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rajasthan | Khasara No.493/348, Kherliganij, Atru, Baran 325218, Rajasthan | 0.1114 Hectare | 4,00,000/- | 40,000/- | 50,000/- | 27th October 2025 up to 5:00pm | 29th October 2025, 11.00 am to 12.00 pm |

1.The interested bidders who require assistance may contact Quikr Realty Private Limited via e-mail ID: **auctions@quikrrealty.com** or contact no. **+91 9176197676 / +91 9321575329**

2. The sale shall be subject to the orders of MPID Court.

**Place: Mumbai**
**Date: 27th September 2025**

**Deputy Collector and Competent Authority (NSEL) Mumbai**


## ग्रामीण सेवा शिविरों का अवलोकन किया

**कोटा,** (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर शुक्रवार को सांगोद विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने कनवास और सावनभादौ में ग्रामीण सेवा शिविरों का निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं में प्राप्त मामलों के निस्तारण की जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर चल रहे ग्रामीण सेवा शिविरों में राजस्व विभाग द्वारा लंबित फार्मर रजिस्ट्री का निस्तारण, आपसी सहमति से विभाजन, नामांतरण तथा मूल निवास एवं जाति प्रमाण पत्र बनाने, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना से संबंधित कार्यों में निस्तारण की प्रगति जानी। वहीं लाभार्थियों को मौके पर ही पट्टे और सर्टिफिकेट भी सौंपे। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर पूरा प्रशासन आपके बीच आया है। मुख्यमंत्री की सोच है कि आमजनता को ऑफिस के चक्कर नहीं लगाने पड़े और सारा प्रशासन एक ही शिविर में मौजूद रहे। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर बपावर क्षेत्र के कई गांव में पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीण चौपाल लगाकर लोगों से सरकार, सरकार के अधिकारियों और विकास योजनाओं के बारे में विस्तृत फीडबैक लिया। उन्होंने पुराने कार्यकर्ताओं और गांव वालों के हाल-चाल जाने। जनसंवाद करते हुए लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान कई गांवों में सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को तुरंत सफाई कराने के निर्देश दिए।


### नाम परिवर्तन

मैं, नम्रता गेहिजा पत्नी श्री पीतांबर कुमार, निवासी मकान नं. 89 सिंधी कॉलोनी, गुमानपुरा, कोटा (राज.) पूर्व नाम नीलू टिक्यानी है। मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में नाम नीलू टिक्यानी है। विवाह उपरांत मेरा नाम नम्रता गेहिजा है। नीलू टिकयानी व नम्रता गेहिजा दोनों मेरे ही नाम है।






